## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–17.03.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री ने पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ साक्षात्कार में कहा –भारत तटस्थ नहीं, बल्कि वैश्विक शांति के लिए है प्रतिबद्ध।
- गिरिडीह की घटना पर चढ़ा सियासी पारा, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राज्य सरकार पर लगाया वोट बैंक की राजनीति का आरोप, झामुमो – कांग्रेस का जवाब– नहीं बख्शे जाएंगे दोषी।
- खूंटी पुलिस को मिली बड़ी सफलता, हत्याकांड में वांछित 13 साल से फरार तीन नक्सलियों को किया गिरफ्तार।
- मौसम विभाग ने राज्य के 6 जिलों में हीट वेव को लेकर जारी किया ऑरेन्ज अलर्ट, कई हिस्सों में आंशिक बादल छाने का पूर्वानुमान।
- झारखंड अस्मिता जूनियर और सब जूनियर महिला हॉकी लीग की आज से रांची में शुरूआत।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत शांति के बारे में जो भी बोलता है, दुनिया उसे सुनती है, क्योंकि भारत गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी की भूमि है। श्री मोदी ने एआई शोधकर्ता और पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ बातचीत में कहा कि वे भारतीय सद्भाव में विश्वास करते हैं और शांति चाहते हैं।

पाकिस्तान से संबंधित एक प्रश्न के उत्तर में प्रधानमंत्री ने कहा कि विभाजन के बाद पाकिस्तान ने सद्भावपूर्ण सहअस्तित्व का चयन नहीं किया। श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि भारत बेहतरी के लिए लगातार पाकिस्तान से सरकार पोषित आतंकवाद का रास्ता छोडने का अनुरोध करता रहा है।

****************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने गिरिडीह जिला प्रशासन के द्वारा होली के दिन हुई हिंसा मामले में गिरफ्तारी पर सवाल उठाया है। गिरिडीह जिले के घोड़थंबा में पीड़ित परिवारों से मिलने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि प्रशासन का काम दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करना है लेकिन गिरिडीह में संतुलन बनाकर गिरफ्तारी की जा रही है। उन्होंने राज्य सरकार पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया ।

इधर नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी आज हिंसा प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेंगे। ये क्षेत्र श्री मरांडी का विधानसभा क्षेत्र भी पड़ता है।

****************

गिरिडीह में होली के दिन हुई हिंसक घटना पर राजनीतिक आरोप – प्रत्यारोप का दौर जारी है । झामुमो और कांग्रेस ने भाजपा के आरोपों पर पलटवार किया है। झामुमो प्रदेश प्रवक्ता मनोज पांडेय ने भाजपा पर समाज को बांटने की कोशिश का आरोप लगाया।

इधर कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने भी कहा कि इस घटना में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जायेगा।

****************

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना–पीएमआईएस के लिए एक समर्पित ऐप लॉन्च करेंगी। इसका उद्देश्य योजना के दूसरे दौर के लिए पंजीकरण को आसान बनाकर भागीदारी को बढ़ाना है। पंजीकरण 31 मार्च तक किया जा सकेगा।

****************

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक विधेयक पेश किया है, जिसके अनुसार, फर्जी पासपोर्ट या वीजा का उपयोग करने वाले व्यक्तियों को सात साल तक की जेल और 10 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। आव्रजन एवं विदेशी विधेयक, 2025 के मुख्य बिंदुओं के अनुसार जानबूझकर जाली पासपोर्ट या वीजा का उपयोग करने पर कम से कम दो साल की कैद, जो बढ़कर सात साल तक हो सकती है।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

****************

खूंटी जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है । चर्चित करम सिंह नाग उर्फ करम सिंह मुडा हत्याकांड में शामिल पीएलएफआई के तीन फरार नक्सलियों को पुलिस ने सायको बाजार से गिरफ्तार किया है। ये तीनों 13 वर्षों से फरार थे। इनके खिलाफ वर्ष 2012 में 26 मई को हत्याकांड और नक्सली गतिविधियों में शामिल रहने के आरोप में मामला दर्ज है।

****************

जामताड़ा जिले को साइबर अपराध मुक्त बनाने को लेकर हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं ।

****************

मौसम विभाग ने राज्य के 6 जिलों बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम में हीट वेव चलने को लेकर ऑरेन्ज अलर्ट जारी किया है । मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार आज और कल राज्य के अधिकांष जिलों में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव आने की संभावना नहीं है। लेकिन अगले तीन चार दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट हो सकती है।

****************

झारखंड अस्मिता हॉकी लीग 2025 जूनियर और सब जूनियर महिला प्रतियोगिता की आज से शुरूआत हो गई। भारतीय खेल प्राधिकरण और हॉकी इंडिया के सहयोग से हॉकी झारखंड के द्वारा आज से 24 मार्च तक रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी और बरियातु गर्ल्स स्कूल के मैदान में इसका आयोजन किया गया है। जिसमें दोनो वर्गों में आठ– आठ सर्वश्रेठ जिला/यूनिट को भागीदारी दी जा रही है वर्गों में सिमडेगा, खूंटी, गुमला ,रांची, हजारीबाग, पश्चिमी सिंहभूम,बोकारो और पलामू जिला की टीम भाग ले रही है।

इधर  झारखंड राज्य वुडबॉल संघ की ओर से रांची के जयपाल सिंह स्टेडियम में एक दिवसीय स्व आर पी द्विवेदी मेमोरियल राज्यस्तरीय वुडबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न हुई जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से आए 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस दौरान आगामी राष्ट्रीय वुडबॉल जूनियर और सीनियर चैंपियनशिप नागपुर में 22 मार्च से 26 मार्च तक आयोजित बुडबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की टीम का चयन किया गया।

****************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अखबारों ने प्रधानमंत्री के लेक्स फ्रीडमैन पॉडकास्ट पर साक्षात्कार की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है । इसके अलावा गिरिडीह की घटना भी सुर्खियों में है।

प्रभात खबर की खबर है –घोड़थंबा में दो गुटों में झड़प पथराव  और आगजनी, 22 गिरफ्तार, प्राथमिकी दर्ज।

दैनिक भास्कर  लिखता है –मोदी बोले– भारत और चीन को प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, संघर्ष नहीं... पाक से रिश्ते सुधारने की पहल की, पर नतीजे नहीं मिले।

हिंदुस्तान ने लिखा है – जाली पासपोर्ट के उपयोग पर 7 साल की जेल संभव ।

और दैनिक जागरण ने  लिखा है–सरकारी और सहायता प्राप्त गैर सरकारी   स्कूलों में वार्षिक परीक्षा आज से प्रारंभ।

****************